# ट्रक से करीब 25 लाख रुपये की अवैध शराब बरामद

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक में स्क्रेप की आड में पंजाब निर्मित अवैध शराब के 322 कार्टून सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करनें में बडी सफलता हासिल की है।

प्रकरण अनुसार महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रैंज बीकानेर द्वारा अवैध शराब तस्करी की रोकथाम हेतु दिये गये विशेष दिशा निर्देशों की तहत राजेश कुमार मीना आईपीएस पुलिस अधीक्षक चूरू के निर्देशन में अशोक कुमार बुटोलिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ, इस्लाम खाँ वृताधिकारी वृत राजगढ व सुभाष चन्द्र पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी राजगढ के निकटतम सुपरविजन में जिला स्पेशल टीम चूरू की सूचना पर 15 जून को थाने के प्रदीप कुमार सहायक उपनिरीक्षक ने मय पुलिस टीम के नाकाबंदी के दौरान हिसार की ओर से आ रहे ट्रक की तलाशी ली। जिस पर ट्रक में प्लास्टिक स्क्रेप की आड में ट्रक में डाला में स्क्रेप के निचे अलग पार्टेशन बनाकर शराब तस्करी करते हुए चालक तेजाराम पुत्र घमण्डाराम जाट उम्र 24 साल तथा परिचालक हरखाराम पुत्र भैराराम जाट उम्र 20 साल निवासीगण निवासी धने का तला थाना सदर बाडमेर को गिरफ्तार कर ट्रक से कुल 322 कार्टून पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब को जब्त कर राजगढ थाने में 19/54 राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।



अवैध शराब तस्करी कर पंजाब से गुजरात ले जाते गिरफ्तार आरोपीगण।

प्रकरण अनुसंधान कर रहे सुभाष चन्द्र पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी राजगढ ने बताया कि जब्तसुदा अवैध शराब की अनुमानित लागत 25 लाख रूपये के लगभग है।

- राजगढ़ थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान प्लास्टिक स्क्रैप की आड़ में शराब तस्करी कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार

तथा प्रारंभिक पुछताछ में अवैध शराब पंजाब से गुजरात तस्करी हेतु ले जाया जाना सामने आया है। कार्यवाही में जिला स्पेशल टीम की विशेष भूमिका रही। वहीं डीएसटी चूरू के सुरेश कुमार कानि, अजय कुमार कानि, मुकेश कुमार कानि, रोशनलाल कानि, मोहरपाल कानि, भीम कानि ड्राईवर, रामफल कानि ड्राईवर तथा राजगढ थाने के प्रदीप कुमार सउनिश नवीन कुमार कानि, मुकेश कुमार कानि, कुलदीप कुमार कानि व सत्यवीर ड्राईवर आदि ने कार्यवाही को अंजाम दिया।

# हर घर में प्रेशर के साथ आएगा पीने का पानी: अनिल रुहेला

मंडावा, (निसं)। राजस्थान नगरी आधारभूत विकास परियोजना के अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार वर्मा एवं कनिष्ठ अभियंता संजू पूनिया के निर्देशानुसार प्रोजेक्ट की सीएपीपी यूनिट द्वारा गुरुवार को महिलाओं के साथ समूह चर्चा की गई।

परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों में आमजन को जागरूक करने,

- आर.यू.आई.डी.पी. के विकास कार्यों के बताये लाभ

परीयोजना कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करने तथा स्थानीय लोगों की शंकाओं के समाधान हेतु सामुदायिक विकास अधिकारी अनिल रुहेला एवं सीएमएससी के योगेश आत्रेय द्वारा वार्ड 12 की आँगनबाडी सेंटर में महिलाओं के साथ समूह चर्चा की।

इसमे महिलाओं को परियोजना के तहत किये जाने वाले कार्य के साथ स्वच्छता, स्वाथ्य, ठोस कचरा निस्तारण, कार्य में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। रुहेला ने बताया कि मंडावा शहर के हर घर में फुल प्रेशर के साथ पानी आएगा और मीटर युक्त जल कनेक्शन दिये जाएंगे जिससे उपयोग किये गए पानी का ही मूल्य चुकाना होगा और साथ ही जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। योगेश आत्रेय ने बताया कि सीवर लाइन में घर घर में बने टॉयलेट रसोई व बाथरूम के गंदे पानी को सीवर लाइन के माध्यम से मल जल सोधन संयंत्र में ले जाकर ट्रीट किया जायेगा और ट्रीटेड जल को एसटीपी के आस पास किसानो द्वारा कृषि कार्य हेतु उपयोग मे लिया जाएगा। कार्यक्रम मे आँगनबाडी कार्यकर्ता सुमन देवी, सहायिका कमला, आशा सहयोगिनी सावित्री तथा सोशल आउटरीच टीम से जगदीश मीना, प्रहलाद मील, संजू चेजारा, सुनिता परिहार मौजूद रहे।




मंडावा में आंगनबाड़ी केंद्र पर महिलाओं से समूह चर्चा करते अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार व कनिष्ठ अभियंता संजू पूनिया।

## दादा नवाब खां का शहादत दिवस मनाया

चूरू, (कासं)। मदीना मुसाफ़िर खाना में बुधवार को कायमखानी महासभा की ओर से दादा नवाब कायम खां का 604वां शहादत दिवस जनकल्याण कार्यो के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया। कायमखानी क़ौम के संस्थापक दादा नवाब क़ायम खां के 604वें शहादत दिवस पर उपस्थित लोगों ने अंचल में सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर नूर मोहम्मद खान ने कहा कि दादा नवाब कायम खां की बहादुरी, जांबाजी का ही परिणाम है कि आज हम इस दिन को शहीद दिवस के रूप में मना रहें हैं। कायमखानी महासभा के सचिव युनस अली खान ने बताया कि दादा नवाब खान के सिद्धांतों से प्रेरणा लेनी चाहिए। खान ने कहा कि आज के दौर की सबसे बड़ी ताकत शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देना चाहिये। इस अवसर पर कायमखानी छात्रावास के पास स्थित झुगी झोपड़ी, हाजन मस्जिद के पास, कलेक्ट्रेट के पास स्थित झुगी झोपड़ियों में ज़रूरतमंद लोगों को फल वितरित किये गये। सार्वजनिक स्थलों पर पौध रोपण किया गया एवं पक्षियों के लिए परिंडे लगाये गये। इस अवसर पर अबरार खान बीस सूत्री कार्यक्रम सदस्य, सलीम खान दिलावरखानी, समाज सेवी असलम खान, महबूब खान, आरिफ खान, इब्राहिम खान, व्याख्याता लाल खान, जान मोहम्मद बरजांगसर, निसार खान झारिया, साजिद खान मास्टर, ज़ाकिर खान आदि नागरिक उपस्थित थे।

# ओल्ड पेंशन स्कीम के आदेशों में आंशिक सुधार के लिये धरना दिया




ओल्ड पेंशन स्कीम के आदेशों में आंशिक सुधार को लेकर विद्युतकर्मियों ने धरना दिया।

चूरू, (कासं.)। जिला मुख्यालय पर गुरुवार को जोधपुर डिस्कोम चूरू वृत के कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना आदेशों में आंशिक सुधार की मांग को लेकर जोधपुर डिस्कोम श्रमिक संघ के आव्हान पर चूरू वृत के कर्मचारियों द्वारा जिला अध्यक्ष अमरसिंह स्वामी के नेतृत्व में प्रबन्ध निदेशक के नाम अधीक्षण अभियन्ता चूरू के मार्फ़त ज्ञापन सौंपा गया।

इस मौके पर वृत कोषाध्यक्ष बलवान पूनिया, यूसुफ अली, सतीश जाट, महामंत्री पवन लीलावठी, भामस जिलामंत्री राकेश जाँगिड़, उपाध्यक्ष विजय भाम्भू, रामकिशन ढाका, महेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष सुनीता सैनी, कविता, पूनम, मधु, संदीप गजराज, रंजीत प्रजापत, देवीप्रसाद जोशी, देवीसिंह राठौ, कुलदीप कुमार, राजेश प्रजापत, तारानगर से अध्यक्ष महेन्द्र बुडानिया, महामंत्री सुरेश शर्मा, बलबीर कस्वां, कृष्ण मूंड, ओम प्रकाश भाटिवाल, रामानन्द पारीक, रतनगढ़ से संजय कुमार, भादासर से सुरेन्द्र सिंह, सरदारशहर से चंद्रभान आदि उपस्तिथ रहे।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव 21 जून को

चूरू, (कासं)। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में 21 जून को लोकसभा सांसद राहुल कस्वां के मुख्य आतिथ्य में सरदारशहर के राजकीय एसबीडी महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिला युवा अधिकारी मंगल जाखड़ ने बताया कि इस युवा उत्सव में 15 से 29 आयु वर्ग के युवा भाग ले सकेंगे। युवा सहभागिता के माध्यम से देश की प्रगति के संदेश व पंचप्राण के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिये इस कार्यक्रम का आयोजन जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पांच प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सामूहिक सांस्कृतिक प्रस्तुति, फोटोग्राफी, भाषण प्रतियोगिता, काव्य लेखन प्रस्तुति एवं चित्रकला प्रतियोगिता सम्मिलित है। जिला स्तर पर विजेताओं को 5 हजार, 2 हजार व एक हजार रुपये की राशि व प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा तथा प्रथम विजेताओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने का अवसर मिलेगा। युवा उत्सव में विभिन्न विधाओं में युवाओं की सहभागिता के साथ-साथ युवा संवाद को भी बढ़ावा देने का प्रयत्न इस बार किया जा रहा है, जिसमें जी-20, मिशन लाइफ, मोटे अनाज को अपनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विचार साझा किये जाएंगे।

# राजगढ़ नगर पालिका अधिकारी बुडानिया ने शिविर का अवलोकन किया



अन्तरराष्ट्रीय खेल मैदान में चल रहे 63वें केंद्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण करती अधिशाषी अधिकारी प्रियंका बुडानिया।

- अन्तरराष्ट्रीय खेल मैदान राजगढ़ में चल रहा 63वां केंद्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर

सादुलपुर, (निसं)। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के तत्वधान में 29 मई से 18 जून तक अन्तरराष्ट्रीय खेल मैदान राजगढ में चल रहे 63वें केंद्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर गुरूवार को राजगढ नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी प्रियंका बुडानिया ने निरीक्षण किया। ज्ञातव्य है कि इस केंद्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर में एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, कुश्ती एव जूडो खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में अधिशाषी अधिकारी प्रियंका बुडानिया के साथ नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि अदरीश खान भी मौजूद रहे। शिविर निदेशक सबल प्रताप सिंह ने बताया कि सभी खेलों में कुशल प्रशिक्षकों द्वारा दोनों समय बढिया प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा प्रशिक्षण के साथ खेलों के नियमों की जानकारी के लिए थ्योरी क्लास का भी आयोजन किया जा रहा है। जिससे खिलाडियों को नियमों की जानकारी प्राप्त हो सके।

सहायक शिविर निदेशक व जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम गोदारा ने बताया कि अधिशाषी अधिकारी प्रियंका बुडानिया की तरफ से सभी खिलाडियों को स्टाफ सहित रात्रि भोजन के समय दी जाने वाली मिठाई में काजू कतली तथा सुबह नाश्ते के साथ मिल्क कस्टर्ड एवं पोहे की व्यवस्था उपलब्ध करवाई गई।

शिविर अवलोकन की श्रंखला में श्यामसुंदर पूनिया, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चूरू पवन पूनिया, शारीरिक शिक्षक अरुण पूनिया, सरपंच प्रतिनिधि के साथ काफी संख्या में गणमान्यजन मौजूद रहे तथा सभी आगंतुकों ने राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद अध्यक्ष पद्मश्री डॉ कृष्णा पूनिया का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि राजगढ के लिए बडे ही गौरव की बात है कि यहां पर इतने बडे स्तर पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें खेलों के साथ-साथ राजगढ की जनता को योगासन में भी बहुत लाभ मिल रहा है। खेलों के प्रशिक्षण के साथ अंतरराष्ट्रीय योग गुरु राम रस के द्वारा योग का लाभ मिल रहा है।

## मारपीट का मामला दर्ज

बीदासर, (निसं)। पुलिस थाना में गाँव बिग्गा बास रामसरा तहसील श्री डूंगरगढ निवासी भगवती प्रसाद शर्मा ने चार नामजद व चार पाँच अन्य व्यक्तियों के खिलाफ दुकान का शटर बंद कर मारपीट करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार भगवती प्रसाद ने लिखित रिर्पोट दी कि बीदासर निवासी किशनलाल धतरवाल को मैंने दो लाख रूपये उधार दिये। जिस पर उसने एक लाख रुपये मुझे वापस कर दिये, और एक लाख का हिसाब बाकी था। मैं चार पाँच महिने से मेरे रुपये लौटाने का बोल रहा था, लेकिन उसने रुपये नहीं लौटाये। उसके बाद 12 जून 2023 को शाम को उसका कॉल आया कि आप आज रात को 8 से 9 बजे आ जाना और रुपये ले जाना। जिस पर मैं मेरे गाँव से रवाना होकर लगभग 9 बजे बीदासर पहुंचा, और उसे कॉल किया तो उसने बताया कि दिल्ली दरबार एण्ड बिग बाजार मेरी दुकान में ही आ जाओं। जब मैं वहां पहुंचा तो पहले तो मुझे दो तीन घण्टे बिठाये रखा, और जब पुरा बाजार बंद हो गया। तब पहले से दुकान में किशनलाल अपने साथ बाबूलाल, महावीर, रामदेव व चार पाँच अन्य व्यक्तियों को बैठा कर रखा था। उसके बाद उन्होने प्लानिंग से दुकान का शटर बंद कर दिया और मेरा मोबाइल छीन कर सिम निकालकर बंद कर दिया। उनके पास लठ्ठ, सरियाँ व एक अन्य धारदार चाकू टाईप था।

## चक्रवात को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

झुंझुनूं, (निसं)। चक्रवार्ती तूफान बिपरजॉय को लेकर एडीएम जेपी गौड़ की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की गई। एडीएम जेपी गौड़ ने अधिकारियों को सभी एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तर पर बनाया आपदा प्रबंधन कक्ष को एक्टिव मोड पर रहने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को आगामी दो दिवस तक जिले में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जलभराव वाले क्षेत्रों की विशेष निगरानी एवं आपदा की स्थिति में उनको सुरक्षित स्थान पर विस्थापित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से भी आठाह किया है कि आपदा की स्थिति में जिले में संचालित आपदा कक्ष के दूरभाष नंबर 01592-232237 पर भी सूचना दी जा सकती है। बैठक में नगर परिषद आयुक्त दिलीप पूनियां सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# भड़ौंदा खुर्द में ग्रामीणों से मिलने पहुंचे जनसेवक डॉ. मधुसूदन मालानी

झुंझुनूं, (निसं)। प्रसिद्ध समाजसेवी और जनसेवक डॉ. मधुसूदन मालानी ने गुरूवार को भड़ौंदा खुर्द गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को लेकर चर्चा की। डॉ. मधुसूदन मालानी ने इससे पूर्व गांव में बिरला नेत्र चिकित्सालय द्वारा लगाए गए निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया।

नेत्र चिकित्सा शिविर के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनसेवक डॉ. मधुसूदन मालानी ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या का हरसंभव समाधान करना ही उनके जीवन का उद्देश्य है। भड़ौंदा खुर्द गांव में लगे निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों की आंखों की निशुल्क जांच करके उन्हें निशुल्क चश्मों का भी वितरण किया गया। शिविर के बाद जनसेवक डॉ. मधुसूदन मालानी ऊंट पर सवार होकर ग्रामीणों के बीच पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जनसेवक डॉ. मधुसूदन मालानी को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाते हुए समस्या समाधान करने की मांग की।




प्रसिद्ध समाजसेवी और जनसेवक डॉ. मधुसूदन मालानी ने ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को लेकर चर्चा की।

## तहसील शामिल करने की मांग

चूरू, (कासं)। चूरू जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता बनवारी लाल दीक्षित ने राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से सीकर के रामगढ व झुंझुनूं के मलसीसर क्षेत्र को चूरू जिले में मिलाने की मांग की है। बनवारी लाल दीक्षित ने लिखा है कि चूरू जिले की प्रमुख तहसील रही डूंगरगढ को बीकानेर जिले में स्थानान्तिरत कर दिया था तथा अब सीकर को कमीश्नरेंट ओहदा बढा दिया है। इसलिए चूरू जिले को सीकर संभाग में शामिल करना जनहित में होगा क्योंकि जिला चूरू की समस्त तहसीलों से सीधा व नजदीकी संबंध है। दूसरी तरफ सीकर व झुंझुनू से बिसाउ मलसीसर तहसील व सीकर की रामगढ तहसील के नागरिकों को संबंधित जिला मुख्यालय तक पहुंचने में समय व आर्थिक नुकसान उठाना पड रहा है। इसलिए झुंझूनू की मलसीसर क्षेत्र व सीकर जिले के रामगढ़ तहसील क्षेत्र को चूरू जिले में मिलाया जावे ताकि इस क्षेत्र के लोगों को आसानी से सुविधा मुहैया हो सकें।

# खिलाड़ी छोटूराम दहिया बने एम.एम.ए. के अंतर्राष्ट्रीय रैफरी




अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी छोटूराम दहिया।

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ तहसील के गाँव लाखलाण निवासी अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी छोटूराम दहिया एम.एम.ए. के अंतर्राष्ट्रीय रैफरी चुने गये है, जो कि शेखावाटी क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। वहीं दहिया के एम.एम.ए. के अंतर्राष्ट्रीय रैफरी चुने जाने पर क्षेत्र एवं उनके गाँव में खुशी की लहर है।

एम.एम.ए. संघ राजस्थान के अध्यक्ष रजनीश कुलहरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दिनों बांद्रा में स्थित यू.एफ.सी. जिम में इंटरनेशनल मिक्सड मार्शल आर्ट्स फैडरेशन तथा भारतीय मिक्सड मार्शल आर्ट्स फैडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुए अंतर्राष्ट्रीय रैफरी तथा जज की परीक्षा थी तथा प्रैक्टिकल एग्जाम का आयोजन यू.एफ.सी. मैचों में नजर आने वाले टॉप रैफरी मार्क गोडार्ड की देखरेख में किया गया था, जिसमें राजस्थान से चूरू जिले की राजगढ तहसील के अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी छोटूराम दहिया ने भाग लिया था।

- दहिया अंतर्राष्ट्रीय मैचों में करेंगे ऑफिएटिंग
- दहिया का अंतर्राष्ट्रीय रैफरी बनना शेखावाटी क्षेत्र के लिए गौरव की बात

कुलहरी ने बताया कि दहिया को अंतर्राष्ट्रीय जज की परीक्षा में पास किया गया है, इसलिए अब आगामी अंतर्राष्ट्रीय एम.एम.ए. प्रतियोगिताओं में दहिया जज की भूमिका निभाते हुए नजर आयेंगे, यह राज्य व हमारे देश के लिए बहुत ही गौरव की बात होगी।

# राशन सामग्री वितरीत की एवं गायों हरा चारा खिलाया



नामचर्चा के दौरान वशंरित बिश्नोई के जन्मदिवस पर जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री वितरित की।

सादुलपुर, (निसं)। कस्बा राजगढ निवासी राजेन्द्र सिंह बिश्नोई इन्सां ने अपने सुपुत्र वंशरित के जन्म दिवस पर श्री शंकर मल्टीस्पशलिटी हॉस्पीटल सिद्धमुख मोड राजगढ में नामचर्चा का आयोजन कर डेरा सच्चा सौदा सिरसा के द्वारा चलाये जा रहे मानवता भलाई कार्यो अन्तर्गत जरूरतमंद परिवारों को नि:शुल्क राशन सामग्री वितरीत करते हुए श्री मोक्षभूमि गौशाला में हजारो गायों को ग्वार दलिया व हरा चारा खिलाकर पुण्य की भागीदारी निभाई। प्राप्त जानकारी अनुसार गुरूवार को प्रेमी राजेन्द्र सिंह बिश्नोई इन्सां के श्री शंकर मल्टीस्पशलिटी हॉस्पीटल सिद्धमुख मोड राजगढ में उनके सुपूत्र वशंरित के जन्म दिवस पर धुमधाम से नामचर्चा का आयोजन कर सतगुरू की महिमा का गुणगान किया।

वहीं ब्लॉक के जिम्मेवार महावीर इन्सां के सानिध्य में नामचर्चा का आयोजन किया गया। इसी नामचर्चा के दौरान बिश्नोई ने डेरा सच्चा सोदा सिरसा द्वारा चलाये जा रहे मानवता भलाई कार्यो के अन्तर्गत 5० जरूरतमंद परिवारों को नि:शुल्क राशन सामग्री वितरीत की गई तथा श्री मोक्षभूमि गौशाला में हजारो गायों को ग्वार दलिया व हरा चारा खिलाया गया। इसी राजेन्द्र बिश्नोई ने 'धन-धन सतगुरू तेरा ही आसरा' नारे का उच्चारण करते हुए कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद व बेसहारा गौवंशो की सेवा सबसे बडी सेवा होती है तथा डेरा सच्चा सौदा द्वारा के पूज्य गुरूजी द्वारा चलाये जा रहे मानवता भलाई कार्यो में बढ-चढ कर भाग लेते हुए समस्त साध संगत से मानवता भलाई के कार्यो में बढ-चढ कर भाग लेने का आ ान किया। इस अवसर पर रामसिंह बिश्नोई पूर्व सरपंच चैनपुरा छोटा, जयपाल बिश्नोई, मिनाक्षी इन्सां, 85 मेम्बर टीम के प्रभूराम इन्सा, प्रहलाद इन्सां, राजू सिंह इन्सां, हरीराम इन्सा, 85 मेम्बर बहन ज्ञानो इन्सां, सुमित्रा इन्सां एकता इन्सां, ज्योति इन्सां ददरेवा ब्लॉक के प्रेमियों ने भाग लिया।

# 60 दिन तक तम्बाकू मुक्त युवा कैम्पेन अभियान चलाया जायेगा

चूरू, (कासं)। चूरू जिले में तम्बाकू जागरुकता के लिये 60 दिन तक तम्बाकू मुक्त युवा कैम्पेन अभियान चलाया जायेगा। अभियान के दौरान कोटपा एक्ट के प्रावधानों के अनुसार प्रतिबंधित स्थानों पर तम्बाकू का विक्रय व सेवन पर रोक लगाने के लिए चालान कार्यवाहियों सहित सामुदायिक स्तर पर इसके प्रति जन जागरुकता विकसित करने की गतिविधियां संचालित की जायेगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि आज के दौर में रोगियों में 63 प्रतिशत आबादी गैर संक्रामक रोगों से ग्रसित होती है। इनमें सबसे ज्यादा रोगों का कारण तम्बाकू सेवन है। उन्होंने बताया कि सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम कोटपा की पालना के साथ ही समुदाय में व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिये जागरुकता गतिविधियों पर विशेष रूप से फोकस रखना आवश्यक है।



चूरू में तम्बाकू मुक्ति एवं इसके प्रभाव विषय पर पेंटिंग एवं स्लोगन, यूथ सेल्फी प्रतियोगिता आदि गतिविधियों की जानकारी दी गई।

अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एहसान गौरी ने बताया कि अभियान के दौरान तम्बाकू मुक्त चिकित्सा संस्थान, तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान, तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाई जायेगी। उन्होंने बताया कि आमजन को सामुदायिक स्तर पर जागरुकता के लिये शैक्षणिक संस्थानों में तम्बाकू मुक्ति एवं इसके प्रभाव विषय पर पेंटिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता, यूथ सेल्फी प्रतियोगिता आदि गतिविधियां आयोजित की जायेगी।

इसके साथ ही युवाओं में जागरुकता हेतु वीडियो संदेश तैयार कर सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किए जाएंगे। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर तम्बाकू मुक्ति की शपथ दिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि बच्चों को तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभाव बताने के साथ विद्यालय स्तर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम तीन स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया जायेगा। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की सलाहकार डॉ. लाडकंवर ने बताया कि कोटपा एक्ट की पालना के लिये जिले में तम्बाकू निषेध के लिये विशेष चालान अभियान चलाया जायेगा जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ चालान किया जायेगा। टोबेको फ्री युवा कैम्पेन अभियान के दौरान तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता विकसित करने के साथ ही तंबाकू उत्पादों की बिक्री, सेवन और विज्ञापन करने पर कोटपा अधिनियम के तहत कार्यवाही करने की कार्यवाही की जायेगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण के दलों द्वारा अधिनियम के अनुसार समझाइश व चालान की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि मिल्क डेयरी बूथों पर और स्कूलों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री, प्रदर्शन और विज्ञापन की आकस्मिक जांच करने और कोटपा अधिनियम के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

- 'आज के दौर में रोगियों में 63 प्रतिशत आबादी गैर संक्रामक रोगों से ग्रसित होती है'